वॉल्ट डिज़्नी ने कहा अगर आप सपना देख सकते हैं, तो आप उसे पूरा भी कर सकते हैं।

## Chachu Ke Chutkule

**बल्ली-** यार राजा, अगर तुम्हें एक दिन के लिए प्रधानमंत्री बना दिया जाए तो क्या करोगे?
**राजा-** सबसे पहले छुट्टी घोषित कर दूंगा।
**बल्ली-** फिर?
**राजा-** फिर आराम से सो जाऊंगा... इतना बड़ा सपना रोज थोड़ी आता है।

## STORYMAN

# जादुई कुएं का रहस्य

सूरजपुर गांव में एक बहुत पुराना कुआं था। लोग उसे जादुई कुआं कहते थे। गांव के बुजुर्ग बताते थे कि अगर कोई बच्चा सच्चे दिल से कुछ मांगे, तो कुआं उसकी इच्छा पूरी कर देता है। लेकिन वे हमेशा चेतावनी देते थे कि कुएं से वही मांगना जो सच में जरूरी हो, लालच कभी नहीं करना।

उसी गांव में तीन दोस्त रहते थे- आरव, कबीर और रिंकी। एक दिन तीनों ने सोचा कि चलकर देखें, जादुई कुआं सच में कुछ देता है या नहीं। सबसे पहले आरव ने कुएं में झांककर कहा, अगर तुम सच में जादुई हो, तो मुझे एक क्रिकेट बैट दे दो। अचानक कुएं के अंदर से छपाक की आवाज आई और पानी के ऊपर एक क्रिकेट बैट तैरता हुआ दिखाई दिया। आरव खुशी से बोला यह तो सच में जादुई है। अगली बारी रिंकी की थी। उसने कुएं से कहा कि मुझे कलर्स का एक नया सेट दे दो। उसी वक्त उसकी इच्छा भी पूरी हो गई। इसके बाद कबीर ने थोड़ा सोचा और कुएं से कहा मेरे लिए तो सब ठीक है, लेकिन हमारे स्कूल की लाइब्रेरी में किताबें बहुत ही कम हैं। अगर हमें और किताबें मिल जाएं, तो सभी बच्चों को पढ़ने में मजा आ जाएगा। फिर पानी में हलचल हुई और कुएं के पास किताबों के ढेर दिखाई देने लगे। कुएं से आवाज आई, जो दूसरों के लिए सोचता है, उसे सबसे बड़ा उपहार मिलता है।

तीनों ने किताबें स्कूल की लाइब्रेरी में रख दीं। अब सभी बच्चों को नई कहानियां पढ़ने को मिलने लगीं।

**मोरल ऑफ द स्टोरी- जो दूसरों की भलाई के बारे में सोचता है, उसे हमेशा सबसे बड़ा इनाम मिलता है।**

# आखिर क्यों हो रहा है सोशल मीडिया बैन

## न्यूज की दादागिरी

**कर्नाटक** में 16 से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन की खबर सुनकर अनिका के मन में कई सवाल उठते हैं, जिनके जवाब दादाजी दे रहे हैं...

गौतम चक्रवर्ती

**अनिका- दादाजी, कर्नाटक में सोशल मीडिया क्यों बैन हो रहा है?**

**दादाजी-** बच्चो, सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों की सेहत पर असर डाल रहा है। कई बच्चों में मानसिक तनाव, नींद की कमी और साइबर बुलिंग की समस्या बढ़ रही है। बच्चे मोबाइल पर ज्यादा समय बिताते हैं और खेलकूद कम करते हैं। इसी वजह से कर्नाटक सरकार 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाने की योजना बना रही है।

**अनिका- तो क्या दादाजी सरकार बच्चों के फोन ले जाएगी?**

**दादाजी:** नहीं-नहीं, ऐसा नहीं होगा। सरकार फोन नहीं लेगी, बल्कि एक नियम बनाएगी। इसके तहत सोशल मीडिया कंपनियां 16 साल से कम उम्र के बच्चों को अकाउंट बनाने की अनुमति नहीं देंगी।

**अनिका- अगर कोई बच्चा उम्र गलत बताकर अकाउंट बना ले तो?**

**दादाजी:** सोशल मीडिया कंपनियां अकाउंट इस्तेमाल करने के लिए एज वेरिफिकेशन के लिए सख्त तरीके अपनाएंगी। हो सकता है कि बच्चों को कोई आधार कार्ड जैसे आइडी दिखाना या फिर फेस स्कैन करना पड़े। अगर कोई कंपनी 16 साल से कम उम्र के बच्चे को प्लेटफॉर्म पर रहने देती है, तो उस पर भारी जुर्माना लग सकता है।

**अनिका- दादाजी, तो क्या हम पढ़ाई के लिए इंटरनेट नहीं चला पाएंगे?**

**दादाजी:** नहीं बच्चे, बैन सिर्फ सोशल मीडिया पर होगा। बच्चे पढ़ाई से जुड़े एप्स का इस्तेमाल कर सकेंगे और एजुकेशनल वीडियो भी देख पाएंगे।

### दादाजी के व्यूज

**बच्चो,** ऑस्ट्रेलिया दुनिया का पहला देश बना, जिसने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाया था। भारत में 17 हजार बच्चों पर हुई एक स्टडी में पाया गया कि, जो बच्चे मोबाइल नहीं चलाते थे उन्होंने परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन किया। कई रिसर्च यह भी बताती हैं कि सोशल मीडिया की लत से बच्चों का एकाग्रता कम हो रहा है, इसलिए मोबाइल व सोशल मीडिया का इस्तेमाल सीमित रखना जरूरी है।

## Bhaskar Sir Practical Gyan

# सफलता दिलाएगा ये नियम

**बच्चो,** भास्कर सर आपको बता रहे हैं काइजन रूल के बारे में

**काइजन क्या है?**
काइजन जापान का एक सिद्धांत है। इसका मतलब यह है कि जीवन में हर दिन छोटे-छोटे सुधार समय के साथ बड़ा बदलाव ला सकते हैं। यानी बड़ी सफलता अचानक नहीं, बल्कि रोज के छोटे प्रयासों से जरूर मिलती है।

**काइजन रूल को कैसे अपनाएं?**

- **छोटे लक्ष्य बनाएं:** बड़ा लक्ष्य बनाने के बजाय छोटे-छोटे लक्ष्य तय करें, जैसे रोज थोड़ा अधिक पढ़ना या व्यायाम करना।
- **गलती से सीखें:** अगर गलती हो जाए तो घबराने के बजाय उससे सीखें और अगली बार उसे बेहतर करें।
- **अच्छी आदतें बनाएं:** रोज एक ही समय पर पढ़ाई या अभ्यास करने जैसी आदतें धीरे-धीरे आपको बेहतर बनाती हैं।
- **अपनी प्रगति देखें:** समय-समय पर देखें कि आप कितना आगे बढ़े हैं। इससे आपको अपनी मंजिल की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

**काइजन अपनाने के फायदे:** काइजन अपनाने से आप धीरे-धीरे खुद में बड़ा सुधार कर सकते हैं। जब हम रोज थोड़ा-थोड़ा बेहतर बनने की कोशिश करते हैं, तो काम आसान लगने लगता है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इससे अच्छी आदतें बनती हैं।

## Knowledge Shorts

*दोस्तो, आज जानते हैं जॉर्डन के पेट्रा के बारे में...*

# 2 हजार साल पुराना है ये शहर

- **पेट्रा** को दुनिया के 7 अजूबों में गिना जाता है।
- **इस** प्राचीन शहर को लगभग 2 हजार साल पूर्व नेबेटियंस ने बनाया था।
- **शहर** में महल, मंदिर सब सीमेंट क्रॉन्क्रीट नहीं बल्कि पहाड़ों को तराशकर बनाया गया था।
- **गुलाबी** पत्थरों का होने के कारण इस शहर को रोज रेड सिटी भी कहा जाता है।
- **द ट्रेजरी** यहां की सबसे प्रसिद्ध इमारत है। इसकी ऊंचाई 40मी. है।

**1812** *में स्विस खोजकर्ता जोहान लुडविग बुर्कहार्ट ने इस शहर को दुनिया के लिए फिर से खोजा था।*

## Bhaskar Sir Task Of the Week

# घर पर बनाइए वेव मशीन

*इस बार टास्क में बनाएं वेव मशीन ताकि तरंगों की गति और व्यवहार को आसानी से समझा जा सके।*

**जरूरी सामान :** एक मोटा रिबन या कपड़े की पट्टी (लगभग 1-1.5 मीटर), 10-15 ट्यूथपिक, छोटी कैंडी, टेप, कैंची,

### बस ऐसा करते जाएं...

- सबसे पहले हर ट्यूथपिक के दोनों सिरों पर कैंडी लगाएं।
- अब रिबन को टेबल पर फैलाकर उसके ऊपर ट्यूथपिक बराबर दूरी पर रखें। हर ट्यूथपिक के बीच लगभग 3-4 सेमी दूरी रखें और टेप से रिबन पर चिपका दें।
- अब रिबन के दोनों सिरों को बच्चों को पकड़ाएं। पहली ट्यूथपिक हिलाने पर पूरी रिबन में लहर चलती दिखाई देगी।

**इसके पीछे का विज्ञान-**
पहली स्टिक हिलाने से ऊर्जा बनती है, जो रिबन के सहारे आगे बढ़ती हुई लहर बनाती है। स्टिक अपनी जगह रहती हैं, केवल ऊर्जा आगे जाती है- यही सिद्धांत साउंड, पानी और रेडियो वेव्स में भी होता है।

## Play Station

# खेल-खेल में बढ़ाइए ज्ञान

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in,
Fax No. 07868-224040

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनांक 16.03.2026 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 206 | 186644 | जिला कांकेर के वि.ख. कांकेर में पुसवाण्ड से पुसवाड़ा हाई स्कूल पहुँच मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 1.00 किमी. । | 98.54 लाख |
| 02 | 207 | 186645 | एन. एच. - 30 (किमी. 180/6) अंतर्गत अंतागढ़ - बेड़मा, कलपाव-कोपलीबेड़ा-प्रतापपुर, पर्कावुर मापदूर (महादेव स्कीम तक ) ग्रहविघटनी मार्ग लंबाई 145.03 किमी सर्वे का कार्य । | 21.03 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, से निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की व देखी जा सकती है।

नोटः- ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य (स.क्र.01 हेतु)

(The Intending agency / firm shall fulfil the following minimum eligibility criteria Attached ) ( for sr.no. 02 )

(निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइड पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई. डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।)

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि-16.03.2026 है ।

नोटः- द्वितीय आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
जी-252607040 लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर



**नगर सेना, अग्निशमन, आपातकालीन सेवाऐं, तथा राज्य आपदा मोचन बल, मुख्यालय छत्तीसगढ़**
**सेक्टर 19 नवा रायपुर**
**सूचना**

क्रमांक / 124 /स्था. 3 / फायर भर्ती / 2026 नवा रायपुर दिनांक 24-02-2026

**छत्तीसगढ़ अग्निशमन विभाग में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के परीक्षा परिणाम की सूचना**

छत्तीसगढ़ अग्निशमन विभाग में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के परीक्षा परिणाम विभाग की वेबसाईट https://firenoc.cg.gov.in एवं https://cghgcd.gov.in में अपलोड किया गया है। समस्त अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना शारीरिक दक्षता परीक्षा परिणाम उपरोक्त वेबसाईट में देख सकते हैं एवं डाउनलोड कर सकतें हैं ।

टीप :- वाहन चालक एवं वाहन चालक कम आपरेटर के लिखित परीक्षा हेतु प्राप्त अभ्यार्थियों के परिणाम शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं ड्रायविंग ट्रेड टेस्ट दोनों में सफल होने के उपरांत जारी किये गये है ।

निदेशक
नगरसेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं
जी-252607069 तथा एसडीआरएफ छत्तीसगढ़



**रायगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास, रायगढ़ (छ.ग.)**
कलेक्टोरेट परिसर पोस्ट चक्रधर नगर रायगढ़ छत्तीसगढ़-496001
फोन/फैक्स 07762-220310 Email-dmf-raigarh@cg.gov.in
क्रमांक 1017/ डी.एम.एफ./2026 रायगढ़ दिनांक 03/03/2026

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-**

जिला खनिज संस्थान न्यास रायगढ़ वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिला खनिज संस्थान न्यास में परियोजना प्रबंधन एवं निगरानी ईकाई (PMU) कार्य हेतु निविदा प्रपत्र में Registered Company/LLP/Firm/Academic Institute (IIT/NIT/IIM) अपनी निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त कार्य की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी System Tender No. 186752 ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 27 मार्च 2026 अपरान्ह 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| Event | Date/Details |
|---|---|
| RFP Release Date | March 03, 2026 |
| Pre-Bid Meeting | March 11, 2026 (Office of Collector & District Magistrate, Raigarh) |
| Last Date for Submission | March 27, 2026 Time - 05:00 P.M. |
| Selection Method | QCBS (70% Technical: 30% Financial) |
| Contract Duration | 3 Years (Subject to annual performance review) |
| Mode of submission of Bid | Online at eproc.cgstate.gov.in |

नोट :-
* नियम एवं शर्तें संलग्न वेबसाईट http://raigarh.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in पर अपलोड है।
* कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्तें कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है।

कलेक्टर,
सह पदेन अध्यक्ष
जी-252607060 जिला खनिज संस्थान न्यास
जिला रायगढ़ (छ.ग.)



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग क्र. 2, रामानुजगंज**
**जिला - बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 20.03.2026, (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 186208 | 17/ ब.जे. लि / 2025-26 दिनांक 03.03.2026 | लोधीडांड (लोधी) जलाशय योजना का जीर्णोद्धार कार्य । | 287.54 | द्वितीय आमंत्रण |
| 186210 | 18 / ब.जे. लि / 2025-26 दिनांक 03.03.2026 | सरना जलाशय योजना का जीर्णोद्धार कार्य । | 281.92 | द्वितीय आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 10.03.2026, समय 17.31 बजे से देखें तथा डाउनलोड किये जा सकते है ।

नोट : 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

2. निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. दिनांक 01.08.2010 (संशोधित 22.08.2022 ) के अनुसार है ।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र. 2,
रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग
अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)
जी-252607049



**pnb पंजाब नैशनल बैंक**
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, रायपुर (छ.ग.)

**ई-नीलामी तिथि - 27.03.2026**
समयः सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक

**सरफेसी अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अन्तर्गत बैंक में बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री**
**APPENDIX-IV-A [See proviso to rule 8(6)]**

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पूर्वनिर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अचल संपत्तियों की ई-निलामी सूचना सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत जारी की जा रही है। इस सूचना के द्वारा उधारकर्ताओं, जमानतदाताओं तथा आम जनता को सूचित किया जाता है। कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है एवं इन संपत्तियों को बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक /सांकेतिक द्वारा अधिकार में ले लिया गया है। इन संपत्तियो की विक्रय "जहां है जैसा है" "जो भी है जैसा भी है" नीचे दिये कॉलमो में वर्णित तिथि में बैंक/सुरक्षित लेनदार के देय राशि उधारकर्ताओं तथा जमानतदारों से वसूली के लिए किया जा रहे है। अरक्षित मूल्य तथा बयाना राशि नीचे तालिका में संपत्तियों के समस्त दर्शाई गई है।

**सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची**

| क्र. | स्थावापाक का नाम उधारकर्ता / जमानतदार का नाम व पता शाखा का नाम | बंधक चल/अचल संपत्तियों का विवरण / मालिक का नाम | 1) 13(2) के डाक डिमांड नोटिस की तिथि 2) बकाया राशि 3) कब्जा तिथि स्वरूपी एवं 2002 के नियम 13(4) के डाक 4) कब्जा की प्रकृति | आरक्षित मूल्य (लाख में) ईमानी (लाख में) बोली वृद्धि राशि-10000/- प्रत्येक संपत्ति के लिये |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उधारकर्ता-मोहम्मद स्कीक अबानी पिता उस्मान भाई, शाखा- बरेला (13300), संपर्कः वसूली अधिकारी: श्री अविनाश तिग्गा, 9630007487 | भूमि-खसरा नं 212, ए.ह नं 37, आर.आई सर्किल - जरहाणांव, श्लॉक एवं तहसील- मुगेली, जिला- मुगेली, पिन- 495330 में **क्षेत्रफल - 10.990 वर्गफुट** पर स्थित परिवर्तित संपत्ति, मालिकाना हक- मोहम्मद स्कीक अबानी पिता उस्मान भाई, चौहद्दी: उत्तर : स्कीक की भूमि, दक्षिण : मुगेली-बिलासपुर मुख्य सड़क, पूर्व : सोनू दास की भूमि, पश्चिम : इसरत की कृषि भूमि। भौगोलिक निर्देशांक: 22.122704, 81.845338 | 1) 28-05-2021 2) रू 45,46,325.60 + दिनांक 28-05-2021 से ब्याज प्रभावी 3) 02-09-21 को सांकेतिक कब्जा | रू: 46.33 लाख / रू: 4.63 लाख |
| 2 | मेसर्स राजराम एंटरप्राइजेज, प्रोप. श्री रमाकांत शर्मा, बधकवर्ताओ - श्री शशिकांत शर्मा पिता लुल्लीराम लाल शर्मा एवं स्वर्गीय श्री हर्षद वशिष्ठ पिता कमिकांत शर्मा, शाखा - तालपाथरा (768500), संपर्कः वसूली अधिकारी: श्री धनेश्वर राम, 6207257725 | व्यावसायिक कार्यालय - खसरा नंबर 573/1 भाग, ए.ह नंबर 106/, मौजा रायपुर खास, मौहाशपारा, राजस्व तालाब के पास, तहसील- रायपुर,जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन-492001 में **क्षेत्रफल- 382 वर्गफुट** पर स्थित संपत्ति। मालिकाना हक- श्री शशिकान्त शर्मा पिता श्री अगमोहन शर्मा, चौहद्दी: उत्तर: अन्य का भवन, दक्षिण: अन्य का भवन, पूर्व: सड़क, पश्चिम: अन्य का भवन; भौगोलिक निर्देशांक: 21.245835, 81.637032 | 1) 15-05-2019 2) रू 1,29,87,893.00 + दिनांक 31-03-2019 से ब्याज प्रभावी 3) 03-09-19 को सांकेतिक कब्जा | रू: 62.52 लाख / रू: 6.25 लाख |
| 3 | उधारकर्ता - मेसर्स इंडस्ट्र केमिकल्स, कोपलिंग - श्री प्रकाश शर्मा पिता श्री सुरेंद्र नाथ शर्मा, शाखा - सुपेला, भिलाई 143510, संपर्कः वसूली अधिकारी: श्री सार्थक उपाध्याय, 9981790493 | फैक्ट्री परिसर पर स्थित भूमि व भवन - खसरा नं 1106/4, ए.ह नं 36, आरकेआईडी राजनगांव,मौजी - राजनांदगांव, तहसील/जिला - राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ में **क्षेत्रफल - 0.053 हेक्टेयर** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक - श्री प्रकाश शर्मा पिता श्री सुरेन्द्रनाथ शर्मा। चौहद्दी : उत्तर - मस्त हसादत दुबिल - सवकारी भूमि, पूर्व : खसरा, पश्चिम - विक्रेताओं की भूमि, भौगोलिक निर्देशांक - 21.1157057, 81.1935312 | 1) 02.05.2012 2) रू 78,72,029.00 + दिनांक 02.05.2012 से ब्याज प्रभावी 3) 05.07.12 को सांकेतिक कब्जा | रू: 8.92 लाख / रू: 0.89 लाख |
| 4 | उधारकर्ता- मेसर्स जय मां अन्नपूर्णा राइस मिल, प्रोप- श्री इंदरमन लाल साहू, जमानतदार- श्री. किशन लाल साहू पिता राम प्रसाद साहू, शाखा-नैला धांपा, संपर्कः वसूली अधिकारी: श्री सार्थक उपाध्याय, 9981790493 | भूमि एवं इमारत - खसरा नंबर 1654/01 में 1654/02 (**क्षेत्रफल - 0.60 एकड़**), गांव- चिचोद, तहसील-कलीना, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.), मालिकाना हक- श्री इंदरमन लाल साहू एवं श्री किशन साहू पिता स्वर्गीय श्री राम प्रसाद साहू | 1) 31.10.2017 2) रू 84,29,447.00 + दिनांक 30.06.2025 से ब्याज प्रभावी 3) सांकेतिक कब्जा | रू: 47.45 लाख / रू: 4.75 लाख |
| 5 | उधारकर्ता- मेसर्स जय मां अन्नपूर्णा ट्रेडर्स,प्रोप- श्री जदु राम साहू, जमानतदारों - श्री इंदरमन लाल साहू एवं श्री किशन लाल, ग्राम-पिसोद (जंजे), पो.-पेंडारी, तहसील एवं जिला- जांजगीर चांपा 495668, शाखा-नैला चांपा, संपर्कः वसूली अधिकारी: श्री सार्थक उपाध्याय, 9981790493 | प्लॉट- खसरा नं -348/1, ए.ह नं 42, पीथमपुर रोड, जार्ही, गांव- जार्ही, तहसील- जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा में **क्षेत्रफल - 0.15 एकड़** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्री इंदरमन लाल साहू एवं श्री किशन लाल साहू पिता श्री राम प्रसाद साहू। भौगोलिक निर्देशांक- 21.993746 , 82.620575 | 1) 13.04.2017 2) रू 43,00,083.00 + दिनांक 30.06.2025 से ब्याज प्रभावी 3) सांकेतिक कब्जा | रू: 53.84 लाख / रू: 5.38 लाख |
| 6 | उधारकर्ता: श्रीमती उषा अग्रवाल पति श्री रघुनाथ प्रसाद अग्रवाल, सह-उधारकर्ता श्री अतिश अग्रवाल पिता श्री रघुनाथ प्रसाद अग्रवाल, शाखा: राजेंद्र नगर, रायपुर, 917200. संपर्कः वसूली अधिकारी: श्री धनेश्वर राम, 6207257725 | आवासीय भूमि एवं मकान - खसरा नं 437/6, ए.ह नं 107/37, सुनील किराना स्टोर्स के पास, लेंढ़मार्क- पूजा किराना स्टोर्स, मौजा गोगांव, प्रीतम नगर, रामकुण्डा पुलहार वार्ड, आरआईसीसी रायपुर-1, रायपुर (छ.ग.) में **क्षेत्रफल: 800 वर्गफुट** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक - श्री अतिश अग्रवाल पिता श्री रघुनाथ प्रसाद अग्रवाल.सीमाएं - उत्तर: प्रेम लाल साहू की भूमि, दक्षिण: राजपूत ठाकुर की भूमि, पूर्व: सड़क, पश्चिम: खुली भूमि भौगोलिक निर्देशांक: 21.265885, 81.811696 | 1) 06-09-2022 2) रू 29,56,147.16 + दिनांक 30-07-2022 से ब्याज प्रभावी 3) 01-02-23 को सांकेतिक कब्जा | रू: 23.49 लाख / रू: 2.34 लाख |
| 7 | उधारकर्ता- श्रीमती बबीता अग्रवाल पति श्री उपेन्द्रसेन अग्रवाल एवं सह- उधारकर्ता- श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल पिता श्री सत्यनारायण अग्रवाल, शाखा- पेंड्रा नगर, रायपुर - 748400, संपर्कः वसूली अधिकारी: श्री धनेश्वर राम, 6207257725 | आवासीय भूमि एवं मकान - मकान नं 181 एवं 182, प्लॉट नंबर 02 व 03, जी.के. टाउनशिप, सैक्टर नंबर 3, खसरा नं 556 भी भाग, ए.ह. नं 90 (नया 20), रायपुर से बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के बगल में, मौजा - सिलतरा, आरएनएम घरसीडी-1, तहसील एवं जिला- रायपुर में **क्षेत्रफल: 2700 वर्गफुट** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक - श्रीमती बबीता अग्रवाल पति श्री उपेन्द्रसेन अग्रवाल - उत्तर: सड़क, दक्षिण: अन्य की संपत्ति (प्लॉट नंबर 01), पूर्व: सड़क, पश्चिम: अन्य की संपत्ति भौगोलिक निर्देशांक: 21.384028, 81.672556 | 1) 11-01-2018 2) रू 52,14,746.00 + दिनांक 01-01-2018 से ब्याज प्रभावी 3) 11-05-18 को सांकेतिक कब्जा | रू: 31.43 लाख / रू: 3.14 लाख |
| 8 | उधारकर्ता-1) श्रीमती ममता शर्मा पति श्री आर. के. शर्मा, उधारकर्ता- 2) मेसर्स आई ब्रेविएट प्रोप.- उर्वी शर्मा एवं उमाचनदास: श्रीमती ममता शर्मा पति स्व. आर. के शर्मा, शाखा: पंडरी, रायपुर 152250, संपर्कः वसूली अधिकारी: श्रीमती सुगंधी कुमारी, 7632865606 | आवासीय मकान - प्लाट नंबर 209, खसरा नंबर 376/1 का भाग, म्यूटेशन के बाद पुनः क्रमांकित खसरा नंबर 376/115, ए.ह नंबर 104/57, सुखल एक निर्माण सहकारी समिति, मौजा-रायपुर, आरआईसी- रायपुर, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) में **क्षेत्रफल -5575 वर्गफीट** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती ममता बाजपेयी पिता श्री के.एन. बाजपेयी. सीमाएँ: उत्तर: प्लॉट न 210, दक्षिण: प्लॉट नं 208, पूर्व: सड़क, पश्चिम: अयोध्या सोनाडुरी,भौगोलिक निर्देशांक: 21.231636, 81.598893 . नोट: उधारकर्ता-1 के लिए- यह अचल संपत्ति निम्नलिखित खातों में भी बंधक है : 1) मेसर्स आई ब्रेविएट, प्रोपराइटर - उर्वी शर्मा का नगद ऋण खाता क्रमांक - 152520870000004 48 एवं सावधि ऋण खाता क्रमांक 152520CN00000022, इन खातों में कुल बकाया राशि रु. 65,62,850.34 (रुपये पैंसठ लाख बासठ हजार आठ सौ पचास व चौतीस पैसे मात्र) + दिनांक 14.08.2024 से ब्याज एवं अन्य शुल्क. 2) उर्वी शर्मा एवं ममता शर्मा (सह-आवेदक) का ऋण खाता क्रमांक 152520ND00000330 में बकाया राशि रु 18,42,277.50 (रुपये अठ्ठारह लाख बयालीस हजार दो सौ सत्तहत्तर व पचास पैसे मात्र) + दिनांक 25.11.2024 से ब्याज एवं अन्य शुल्क । **नोट: उधारकर्ता-2 के लिए:**- यह अचल संपत्ति निम्नलिखित खातों, शाखा- पंडरी रायपुर (152520) में भी बंधक है : 1) ममता शर्मा का आवास ऋण खाता क्रमांक 152520NC00000402 में बकाया राशि रु. 31,43,025.66 (रुपये इकतीस लाख तिरालिस हजार पच्चीस व छियासठ पैसे मात्र) + दिनांक 31.07.2024 से ब्याज एवं अन्य शुल्क. 2) उर्वी शर्मा एवं ममता शर्मा (सह-आवेदक) का ऋण खाता क्रमांक 152520ND00000330 में बकाया राशि रु. 18,42,277.50 (रुपये अठ्ठारह लाख बयालीस हजार दो सौ सत्तहत्तर व पचास पैसे मात्र) + दिनांक 25.11.2024 से ब्याज एवं अन्य शुल्क। | उधारकर्ता-1 के लिए: 1) 14.08.2024 2) रू 31,43,025.66 + दिनांक 14.08.2024 से ब्याज प्रभावी 3) 17.12.24 को सांकेतिक कब्जा उधारकर्ता-2 के लिए: 1) 14.08.2024 2) रू 65,62,850.34 + दिनांक 14.08.2024 से ब्याज प्रभावी 3) 17.12.24 को सांकेतिक कब्जा | रू: 261.11 लाख / रू: 26.11 लाख |
| 9 | उधारकर्ता- श्रीमती रिचा राठौड़ पति अभिषेक साहू, जमानतदार- श्री अभिषेक साहू पिता उमेद राम साहू, बंधककर्ता- रिचा राठौड़ पति अभिषेक साहू, शाखा-सिवनी -317400, संपर्कः वसूली अधिकारी: श्री सार्थक उपाध्याय, 9981790493 | खसरा नं 3960/16, क्षेत्र 3052 वर्गफीट, काली मंदिर के पास, तहसील- जांजगीर एवं जिला - जांजगीर - चांपा पर स्थित सामपिया बंधक संपत्ति । मालिकाना हक- श्रीमती कृपा राठौर पति अभिषेक साहू, | 1) 04-12-2024 2) रू 55,58,370.00 + दिनांक 04-12-2024 से ब्याज प्रभावी 3) 01.02.25 को सांकेतिक कब्जा | रू: 48.60 लाख / रू: 4.86 लाख |

अधिक विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें : श्री कविन्द्र साहू- 9412956400, श्री संजय कुमार बिस्वाल- 9437666379 - एजाराफ्ट्री, रायपुर, दूरभाष क्र.- 0771-2210433/35

नोट:- 1) कृपया अमानत राशि जमा करने से पूर्व प्रॉपर्टी से जुड़े सभी दस्तावेजों की पड़ताल सुनिश्चित करें
2) उपरोक्त सभी अचल संपत्तियों से संबंधित सभी सरकारी कार्यालयों का लंबित बकाया (संपत्ति, पानी, बिजली आदि) खर्च क्रेता द्वारा वहन किया जाएगा

महत्वपूर्ण नोट:- 1. नीलामी बिक्री "ई-निलामी" पोर्टल https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन होगी. 2. इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल नंबर और ईमेल-आईडी का उपयोग करके पोर्टल (https://baanknet.com) पर पंजीकरण करी इसके अलावा, उनसे अधिकृत केवाईसी दस्तावेज अपलोड करने का अनुरोध किया जाता है। एक बार एक केवाईसी दस्तावेज के नीलामी संख्या द्वारा सत्यापित हो जाते हैं (जिसमें 2 कार्य दिवस लग सकते हैं), इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को संख्या सा. 1 से 09 के लिए ई-नीलामी ति